an>

Title: Regarding sending a team of Home Ministry to Saran, Bihar and set free the innocent people and punish the offender.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से बिहार प्रदेश के अंतर्गत सारन जिले के एक महत्वपूर्ण विÂषय को उठाना चाहता हूं। पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक धार्मिक, जो आपत्तिजनक चित्र था, कुछ मनचले युवकों के द्वारा प्रकाशित किया गया। वहां के लोगों में इस तस्वीर को देखकर आग की तरह यह हवा फैली। लोगों ने उसका विरोध किया, लोगों ने मांग की कि उस युवक को तुरन्त गिरफ्तार किया जाए, लेकिन स्थानीय प्रशासन उस युवक को गिरफ्तार करने के बजाए उन लोगों पर दण्डनात्मक कार्रवाई करने लगी। इससे लोगों में काफी आक्रोश हुआ और दो दिन बाद पूरे सारन जिला को बंद करने का आह्वान किया।

मैं माननीय गृह मंत्री जी से मांग करना चाहता हूं कि जो बंद करने वाले निर्दोÂष लोग थे, जो स्वस्फुरित था, उनके ऊपर सरकार के इशारे पर स्थानीय प्रशासन एफआईआर कर रहा है, उनके ऊपर कार्रवाई कर रहा है। गृह मंत्रालय वहां अपनी टीम भेजकर उन निर्दोÂष लोगों के ऊपर कार्रवाई को खत्म करके उन लोगों को राहत देने का काम करे और जो निर्दोÂष हों उनको मुक्ति दिलाने का काम करे। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

13.00 hours